# उत्कृष्ट विवेचना हेतु मेडल

## चर्चा में क्यों?

12 अगस्त, 2021 को भारत सरकार द्वारा छत्तीसगढ़ पुलिस के तीन अधिकारियों को **उत्कृष्ट विवेचना हेतु मेडल प्रदान** करने की घोषणा की गई है।

## प्रमुख बिंदु

- केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा वर्ष-2021 के लिये छत्तीसगढ़ पुलिस के बेमेतरा में पदस्थ उप पुलिस अधीक्षक राजीव शर्मा, राजनांदगांव में पदस्थ उपनिरीक्षक इंदिरा वैष्णव और बस्तर में पदस्थ सहायक उपनिरीक्षक इंदु शर्मा को अलग-अलग प्रकरणों में उत्कृष्ट विवेचना करने पर पुरस्कृत किया जाएगा।
- उप पुलिस अधीक्षक राजीव शर्मा ने मार्च 2020 में, उपनिरीक्षक इंदिरा वैष्णव ने जून 2019 में तथा सहायक उपनिरीक्षक इंदु शर्मा ने अक्तूबर 2020 में हुए बलात्कार की जांच में उच्च पेशेवर मानक को ध्यान में रखते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन किया था।
- उल्लेखनीय है कि भारत सरकार के केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा प्रति वर्ष उत्कृष्ट विवेचना करने वाले पुलिस अधिकारियों को मेडल प्रदान किया जाता है।
- उल्लेखनीय है कि पुलिस मुख्यालय की ओर से उत्कृष्ट विवेचना हेतु इन पुलिस अधिकारियों की अनुशंसा केंद्रीय गृह मंत्रालय को भेजी गई थी।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/medal-for-excellent-deliberation